दिनांक : 03/03/2026 समय : 07.10पीएम

मुख्य समाचार :–

- खाड़ी देशों में चल रहे संघर्ष को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कतर के अमीर से बात की।
- रक्षा मंत्रालय ने आज पांच हजार करोड़ से अधिक के दो बड़े रक्षा अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए।
- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन से की मुलाकात, गांवों के विकास से जुड़ी सरकार की कई अहम योजनाओं की दी जानकारी।
- प्रदेश में होली और धुलेंड़ी को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम ।

पीएम-कतर बातचीत

खाड़ी देशों में चल रहे संघर्ष को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से बात की। उन्होंने कतर पर हुए हमलों की निंदा की और कतर में भारतीय समुदाय के लोगों की देखभाल के लिए कतर के अमीर को धन्यवाद दिया।

रक्षा अनुबंध

रक्षा मंत्रालय ने आज नई दिल्ली में पांच हजार करोड़ से अधिक के दो बड़े रक्षा अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए। पहले अनुबंध के तहत हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से भारतीय तटरक्षक बल के लिए छह उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर एमके-टू खरीदे जाएंगे, जिससे समुद्री सुरक्षा और मछुआरों की रक्षा की क्षमता बढ़ेगी। दूसरे अनुबंध के तहत रूस से भारतीय नौसेना के युद्धपोतों के लिए जमीन से हवा में मार करने वाली वर्टिकल लॉन्च मिसाइलें खरीदी जाएंगी। ये दोनों सौदे भारत की समुद्री और वायु रक्षा क्षमता को और मजबूत बनाएंगे।

उपराष्ट्रपति-शिवराज

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उपराष्ट्रपति को गांवों के विकास से जुड़ी सरकार की कई अहम योजनाओं की जानकारी दी। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्राम सड़क योजना, रोजगार गारंटी और दीनदयाल अंत्योदय जैसी योजनाएं शामिल हैं। उपराष्ट्रपति ने ग्रामीण विकास के क्षेत्र में मंत्रालय के प्रयासों की सराहना की।

होली-सुरक्षा तैयारी

प्रदेश में होली और धुलेंड़ी को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में जिले को तीन जोन में बांटकर सुरक्षा बढ़ाई गई है। वहीं श्योपुर में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने तीन और चार मार्च को शासकीय अवकाश और पांच मार्च को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। सतना, मैहर और इंदौर में भी होली की जोरदार तैयारियां हैं और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इंदौर पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह का कहना है-

उज्जैन-महाकाल होली

देशभर में सबसे पहले उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में होली का पर्व मनाया गया। आज तड़के भस्म आरती के दौरान भगवान महाकाल को हर्बल गुलाल अर्पित कर होली की शुरुआत की गई। माता पार्वती, गणेश और कार्तिकेय को भी गुलाल चढ़ाया गया। इस बार सुरक्षा कारणों से श्रद्धालुओं को गुलाल ले जाने की अनुमति नहीं दी गई है।

उज्जैन-संत नगर प्रवेश

होली के अवसर पर उज्जैन में शिप्रा तट स्थित पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़े में करीब दस साल बाद पंच-परमेश्वर का भव्य नगर प्रवेश हुआ। देशभर से पहुंचे संतों का ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। संत आठ दिन उज्जैन में रहकर सिंहस्थ की व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे और कल अखाड़े में पारंपरिक होली उत्सव भी मनाया जाएगा।

राज्यसभा चुनाव- नितिन नबीन

भारतीय जनता पार्टी ने आज राज्यसभा के नौ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। इस सूची में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का भी नाम है। उन्हें बिहार से उम्मीदवार बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया में सिर्फ एक दिन बाकी है। बिहार समेत 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर 16 मार्च को चुनाव होने हैं।

यूएई-इंदौर यात्री

इजरायल-ईरान युद्ध के कारण यूएई में फंसे इंदौर के पूर्व विधायक संजय शुक्ला समेत कई यात्री आज सुरक्षित स्वदेश लौट आए। ये सभी लोग दुबई में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे, लेकिन युद्ध के कारण उड़ानें रद्द होने से वहीं फंस गए थे। दो मार्च की शाम से उड़ानें फिर शुरू

होने के बाद ये यात्री पहले मुंबई और फिर इंदौर पहुंचे। प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने भी इन यात्रियों की वापसी के लिए केंद्र सरकार से संपर्क किया था।

ईरान-भारतीय छात्र

तेहरान में बढ़ते खतरे को देखते हुए ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने वहां मौजूद अधिकांश भारतीय छात्रों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है। दूतावास ने उनके रहने, खाने और आने-जाने की पूरी व्यवस्था की है। जिन छात्रों ने दूतावास का प्रस्ताव नहीं माना, वे अभी भी तेहरान में हैं। दूतावास ने ईरान में रह रहे सभी भारतीय नागरिकों से घर के अंदर रहने और प्रदर्शन वाले इलाकों से दूर रहने की अपील की है।

विश्व वन्यजीव दिवस

विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में वन्यजीवों के संरक्षण और संवर्धन के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि संतुलित और टिकाऊ जैव विविधता को मजबूत किया जा सके। इस खास मौके पर पेश है एक रिपोर्ट-

पीएम यूट्यूब आंकड़ा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यूट्यूब पर तीन करोड़ सब्सक्राइबर का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है और वे इस प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले विश्व नेता बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी 2007 में यूट्यूब से जुड़े थे। रैंकिंग के अनुसार वे इस श्रेणी में अन्य लोगों से काफी आगे हैं।

मध्यप्रदेश-आरटीई एडमिशन-

राज्य के प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा के अधिकार यानी आरटीई के तहत मुफ्त दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से शुरू होंगे। साल 2026-27 के सत्र के लिए पात्र बच्चों के परिजन 28 मार्च तक आरटीई पोर्टल पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। शिक्षा विभाग ने बताया है कि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी और सरकारी वेबसाइट पर फॉर्म और सभी जरूरी जानकारी उपलब्ध है। दो अप्रैल को ऑनलाइन लॉटरी के जरिए बच्चों को स्कूल आवंटित किए जाएंगे।

## भारत-महिला फुटबॉल

चार साल के इंतजार के बाद भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम कल एएफसी महिला एशियन कप 2026 में अपना पहला मुकाबला वियतनाम के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में खेलेगी। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे शुरू होगा। इस बार भारत ने पहली बार अपनी मेहनत और काबिलियत के दम पर एशियन कप के लिए क्वालीफाई किया है। इस टूर्नामेंट में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली टीमों को सीधे फीफा महिला विश्व कप 2027 में जगह मिलेगी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- विद्यार्थियों की सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्टर ने जबलपुर जिले में एक अप्रैल के से एलपीजी से चलने वाले वाहनों से स्कूली छात्र-छात्राओं के परिवहन को प्रतिबंधित कर दिया है।

- बैतूल मुख्यालय पर 3 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक सर्किट हाउस का निर्माण किया जाएगा। आज विधायक हेमंत खंडेलवाल ने प्रस्तावित नवीन भवन निर्माण स्थल का अवलोकन किया।

- शिवपुरी जिले में होली पर त्योहारी सीजन को देखते हुए आज खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूने संकलित किए गए।
- गुना भारतीय सेना में अग्निवीर पदों पर भर्ती हेतु अधिसूचना को जारी की गई है। जो 01 अप्रैल 2026 तक खुली रहेगी यह अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www-joinindianarmy-nic-in पर उपलब्ध है।
- खंडवा जिले में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिये 6 मार्च को एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया पुलिस परेड ग्राउंड पर किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजगढ़ में 06 मार्च, को यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन किया जाएगा।

- अशोकनगर जिले की चंदेरी विधानसभा के पूर्व विधायक राव राजकुमार सिंह यादव का आज भोपाल में लंबी बीमारी के कारण निधन हो गया।

- आगामी 14–15 मार्च को मानस भवन भोपाल में चौथी अंतर्राष्ट्रीय रामायण कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है।

  इस बुलेटिन में बस इतना ही, अगला बुलेटिन कल सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर, नमस्कार।